**विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2025 के 1-सोमवार के लिए निर्धारित श्री अशोक अग्रवाल, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-01 का उत्तर-**

---

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| 01(क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि प्रश्न कर्ता का पत्र दिनांक 29 जनवरी, 2025 जो आपको सम्बोधित जनपद-हरदोई के विकास खण्ड-माधौगंज के अन्तर्गत भजेहटा-कुरसथ मार्ग से निकले सम्पर्क मार्ग जो पी0 एम0 जी0 एस0 वाई योजना के अन्तर्गत जलिहापुर होते हुए समुखा तक सम्पर्क मार्ग का डामरीकरण विगत 20 वर्ष पूर्व कराया गया था जो छतिग्रस्त एवं गडढा युक्त हो गया है का पुर्ननिमाण कराये जाने विषयक था, प्राप्त हुआ है? | जी हॉ, उक्त पत्र जनपद हरदोई के अन्तर्गत भजेहटा कुरसथ मार्ग से निकलकर जलिहापुर होते हुये समुखा तक सम्पर्क मार्ग के निर्माण से संबंधित है। प्रश्नगत मार्ग के क्षतिग्रस्त भाग 1.80 किमी0 में (चैनेज 0.000 से 1.800 तक) विशेष मरम्मत के अन्तर्गत दिनांक 08.11.2024 के द्वारा वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। मार्ग के अवशेष 1.00 किमी0 लम्बाई (चैनेज 1.800 से 2.800 तक) यातायात हेतु सुगम है। |
| (ख) यदि हॉ, तो पत्र के मुख्य बिन्दु क्या थे तथा उन पर क्या कार्यवाही हुई? | उपर्युक्तानुसार। |
| (ग) क्या मार्ग छतिग्रस्त होने के कारण राजकीय चिकित्सालय व राजकीय पशु चिकित्सालय एवं राजकीय विद्यालय-समुखा जाने में दर्जनों गॉवों की जनता एवं मरीजों तथा स्कूल के बच्चों आदि को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है? | उपर्युक्तानुसार। |
| (घ) क्या जनहित में उक्त सम्पर्क मार्ग का जीर्णोद्वार/पुर्ननिर्माण कराकर जनता को सुगम यातायात उपलब्ध करायेंगे? | उपर्युक्तानुसार। |
| (ड़) यदि हॉ, तो कब तक? | उपर्युक्तानुसार। |

**योगी आदित्यनाथ**
**मुख्यमंत्री।**